**Regarding request for extension of Mailani to Nanpura railway line in Kheri Parliamentary constituency**

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) **:** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ । खीरी जनपद में मैलानी से भीरा, पलिया, तिकुनिया होते हुए नानपारा तक छोटी रेल लाइन जाती है । वहां पर लोगों में असमंजस की स्थिति है कि यह रेल लाइन बंद कर दी जाएगी ।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग है कि यात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए इस रेल लाइन को बंद न किया जाए तथा इसका आमान परिवर्तन कर इसे बड़ी रेल लाइन कर दी जाए तथा इस लाइन के द्वारा दिल्ली तथा अन्य राज्यों के प्रमुख शहरों तक एक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जाए । इसके अलावा लखीमपुर-गोला होते हुए दिल्ली तक ट्रेन चलाई जाए ।